Therefore, in order for us to get the best out of our human capital, I believe that the Indian Institutes of Information Technology must also think in terms of social sciences so that there is holistic learning. In a country like ours, we cannot leave the social sciences to just chance. Therefore, I would say to the hon. Minister that it is time to do that. We also had given national importance to some of the best institutions which are giving liberal education and social sciences.

I would like to end by saying one final point. In the North-Eastern States, the investment ratio today is at 57.5 by the Central Government, 35 per cent by the State Government and 7.5 per cent by the private entity. We would request that

this be changed to 82.5 per cent from the Central Government, 10 per cent from the State Government and 7.5 per cent from the private entity. This is because the North-Eastern States till today do not have any Indian Institutes of Information and Technology. I hope that the first one will come up

in the State of Sikkim.

Thank you very much.

SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM): I am happy to participate in the debate on the Indian Institutes of Information Technology (Public-Private Partnership) Bill, 2017, established under public-private partnership with the global standards.

I am coming straightaway to the point. Here, specifically, we are emphasizing on the private participation. We would like to know from the Government as to what is the role of the private institutions which are involved in it. What is their role? It is because at the time of formation of this public-private participation, these institutions had come in by mere force. They had to invest about Rs. 19 crore in three institutions together. The Government of India should define exactly as to what is the role of these private institutions. What benefits will they get? In what way we will be benefited by their participation?

Secondly, as was said, 50:35:15 is the stake: 50 per cent is of the Central Government and 35 per cent is of the State Government. That means, it will come to about Rs. 44 crore out of Rs. 128 crore. But, as one of my colleagues, Shri Ramachandran said, about 50 acres of land has to be provided by the State Government. It will cost you about Rs. 50 crore. That means, about Rs. 94 crore will be given by the State Government. In other words, the stake of the State Government will be much higher than that of the Central Government. So my request to the Central Government is that either it should increase the stake of the Central Government from Rs. 64 crore – that is 50 per cent of Rs. 128 crore – to a higher amount or it should reduce the stake of the State Government.

I would like to put forth one more point. In the recent scenario, thousands of IT graduates are jobless. They are not placed in good institutions. Moreover, we find that they are migrating from the State or they are going abroad. Probably, in the same institution, in the same vicinity or in the same campus, you can have

an info park or a techno park so that we can have on-the-job training. We can have placement also in the same place. Of course, we can have a startup village also along with the Indian Institute of Information Technology.

These are the things I would like to say. The other things have already been said by my colleagues. Due to paucity of time, I would not like to elaborate them. Thank you very much.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी द्वारा लाये गये इंडियन इंस्टीट्युट ऑफ इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजी (पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप) बिल, 2017 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

महोदय, इस बिल को हम चार टुकड़ों में बांट सकते हैं। पहला, जो इंस्टीट्युट हैं, उनको नैशनल इम्पोर्टेंस देना है। दूसरा, यह बिल पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप में इंस्टीट्युट्स को बनाने की अनुमति प्रदान करता है। तीसरा, यदि हम इसके ऑब्जैक्ट्स की तरफ देखें, तो यह बिल इन इंस्टीट्युट्स के माध्यम से नये ज्ञान के स्रोत खड़े करने के लिए काम करता है। चौथा, इंडस्ट्री की जो ग्लोबली रिक्वायरमेंट है, उसके अनुरूप मैन-पावर को तैयार करने की दिशा में काम करता है। यदि हम इन चारों ऑब्जैक्ट्स को देखें, तो विश्व के अन्य विकसित देशों में जिस तरह की व्यवस्था है, ठीक उसी तरह की व्यवस्था, जो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की एप्रोच है- एक नया भारत बनाने की, उसी तरह की व्यवस्था को भारत में स्थापित करने की दिशा में यह काम करता है। ऐसा महत्वपूर्ण बिल लाने के लिए मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत साधुवाद ज्ञापित करता हूँ और इनका अभिनन्दन करता हूँ।

देश में ह्युमैन रिसोर्स मिनिस्ट्री के द्वारा फण्डेड पाँच आई.आई.आई.टीज काम करती हैं। इसके अतिरिक्त पी.पी.पी. मॉडल पर 18 नये इंस्टीट्युट्स स्थापित करने की बात है। यदि हम देश भर के एजुकेशन इंस्टीट्युट्स की रैंकिंग का फ्रेमवर्क तैयार करने वाले, उनकी रैंकिंग का डेटा रखने वाले इंस्टीट्युट्स के दृष्टिकोण से बात करें, तो जिस किसी इंस्टीट्युट्स को नैशनल इम्पोर्टेंस का दर्जा मिला है, उनकी रैंकिंग्स एलिवेट हुई हैं, उनकी रैंकिंग्स ऊपर बढ़ी हैं। जिन इंस्टीट्युट्स की रैंकिंग ऊपर बढ़ी है, उनका इम्प्लॉयबिलिटी रेशियो भी बढ़ा है। यदि देश की इंजीनियरिंग कॉलेज के दृष्टि से मैं बात करूँ तो देश में कुल इंजीनियरिंग कॉलेजेज में से सबसे ज्यादा तमिलनाडु और महाराÂष्ट्र में हैं। लेकिन इम्प्लॉयबिलिटी की दÂिष्ट से बात करूँ तो उन दोनों स्टेट्स की इंजीनियरिंग कॉलेजेज की इम्प्लॉयबिलिटी रेशियो सबसे कम है।

16.00 hours

इस दÂिष्टकोण से हम देखें, यदि हमें इम्प्लॉयबिलिटी बढ़ानी है, क्योंकि आज भारत के इंजीनियरिंग कॉलेज से जितने इंजीनियर्स पास-आऊट होते हैं, उनकी इम्प्लॉयबिलिटी केवल 3.84 पर्सेंट है। जबकि, जो 50 प्रीमियम इंस्टीट्यूट्स, आई.आई.टीज़. या सरकार ने जो इंस्टीट्यूट्स ट्रिपल आई.टीज. के रूप में बनाए हैं, यदि हम उनकी एम्प्लॉयबिलटी को देखें तो वह 30 परसेंट तक है। नेश्नल इंपोर्टेंस के इंस्टीट्यूट्स बनने से देश में एम्प्लॉयबिलटी बढ़ेगी।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूँगा। यदि मैं इस दृष्टिकोण से बात करूँ कि आज पूरे विश्व में जिस तरह का चलन है, इस प्रवलन के अनुरूप एकेडमी और इंडस्ट्री, दोनों

एक साथ पैरलल खड़े होकर काम करते हैं और इसके कारण जिस तरह की आवश्यकता इंडस्ट्रीज़ को है, उस तरह का एम्प्लॉई उनके एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स में तैयार होता है। यदि मैं हमारे देश की चार टॉप आई.टी. कंपनीज़ की बात करूँ तो वह साल भर में लगभग 1,723 करोड़ रुपये ट्रेनिंग पर खर्च करती हैं। ट्रेनिंग पर होने वाला यह खर्चा इंस्टीट्यूट्स के माध्यम से होगा तो स्टूडेंट का ट्रेनिंग में एजुकेशन के बाद 6 महीने या एक साल का जो समय व्यर्थ होता है, उससे समय की बचत हो सकेगी। इससे इंडस्ट्रीज़ अपनी रिक्वायरमेन्ट के लिए कस्टोमाइज़्ड रूप से स्टूडेंट्स तैयार कर सकेगी। इसके कारण स्टूडेंट के भी 6 महीने या एक साल के समय की बचत होगी। इससे इंडस्ट्री का भी पैसा और समय बचेगा। इस दÂिष्टकोण से यह बिल अत्यंत सराहनीय है। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहता हूँ। धन्यवाद।

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): I do subscribe to the views enshrined in the legislative document, that is, in the Indian Institutes of Information Technology (Public-Private Partnership) Bill, 2017. Actually, it was initiated in the year 2010 under the UPA regime. Sir, I would simply ask two or three queries to our hon. Minister Javadekar Ji.

Javadekar Ji, the Bill is silent whether the institute will have to implement reservation for SC, ST and OBC in faculty recruitment. That needs to be clarified. Once we conjure of the information technology, suddenly the name of Rajiv Gandhi Ji will certainly come up who has initiated and who has waged the information revolution in our country and that is why, now, India has been recognized as an information technology super power across the world.

सर, एक जमाना था जब यदि किसी के पास मोबाइल होता था, तो हम उसे रईस आदमी कहते थे, लेकिन अब हर आदमी की जेब में मोबाइल आ गया है। आज ब्राह्मण के पास भी मोबाइल है और चंदेल के पास भी मोबाइल है। आज हरिजन के पास भी मोबाइल है और अमीर के पास भी मोबाइल है। आज प्रधान मंत्री जी के पास भी मोबाइल है और प्रधान मंत्री जी के संतरी के पास भी मोबाइल है। हिन्दुस्तान में आज यह देखने की सब से बड़ी चीज़ है।

Sir, I would simply draw the attention of the hon. Minister that out of 15 lakh engineering graduates coming out every year, just about 10 per cent graduates are employable – a euphemism for their non-trainability. In other words, about 90 per cent of them after about 3-5 hours of study, standing across four years of their course, remain largely below par for the purpose they were originally admitted.

McKinsey Report published some three months ago made another startling revelation. By 2025, less than a decade from now, as many as 14 lakh middle level work force in IT industry accounting for 45 per cent of the total work force as of

now will face an uncertain future in an era of fast moving changes brought about by digital fire forces and the resultant adoption of automation in a big way.

जावड़ेकर जी, आप तो एच-1 वीज़ा का चक्कर जानते हैं। आप जानते हैं कि अमेरिका और यूरोप में एंटी-आउटसोर्सिंग की लड़ाई चल रही है। इस हालत को देखते हुए आपको नई सोच लानी पड़ेगी। यदि आप इसी ढंग से चलेंगे, तो काम नहीं चलेगा।

I would like to draw your attention to another thing that even we have established the Mecca of Information Technology in Bengaluru which has goaded Barack Obama to say that now on the job has been *Bengalured*. So, that kind of kudos we have already earned. I would quote our outgoing President, one of the greatest parliamentarians in the history of India, Shri Pranab Mukherjee.

> "Education is power. It provides knowledge, which provides development and in today's world the higher educational system has great importance in building a society. When you talk of power, it is not only the number of soldiers and number of weapons but behind this, better technology which comes from a great educational system which empowers individual and the society. On the one hand we require access to higher education, we must have expansion of educational intellectual component creating many more institutes of higher learning and higher education but mindless enhancement of educational institutes without taking due care of its intellectual component on quality of education, would not be worth pursuing. "

Thank you Sir.

प्रो.चिंतामणि मालवीय (उज्जैन) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी सार्वजनिक निजी साझेदारी आई.आई.आई.टी. (पी.पी.पी.) विधेयक, 2017 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले हमारे मानव संसाधन एवं विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर जी को धन्यवाद देना चाहूंगा। जिन्होंने यह कल्पना की कि देश की आवश्यकताओं देखते हुए वर्तमान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिदृष्टि की मांग को देखते हुए 20 आई.आई.आई.टी. पी.पी.पी. मोड पर खोले जाएं। उसमें से 15 इतने कम समय में फंक्शन में आ गए हैं। वहां अध्ययन-अध्यापन शुरू हो गया है।

उपाध्यक्ष महोदय, हर आई.आई.आई.टी की लागत 128 करोड़ रुपये रखी गयी है। यह आ गया है। यह भी है कि इसको पी.पी.पी. मोड पर रखा गया है और हम देखते हैं कि इंडस्ट्री की मांग और हमारी शिक्षा पद्धति में एक बहुत बड़ा अंतर है। इस अंतर को पाटने का काम इस विधेयक द्वारा किया जाएगा। हमारे दूरदर्शी और कल्पनाशील प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश सुपर पॉवर बनने की दिशा में अग्रसर है। आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है और आज की अर्थव्यवस्था नॉलेज बेस्ड अर्थव्यवस्था है। हमारा देश विकासशील देश है, लेकिन विकासशील और विकसित देशों का जो अंतर है, वह प्राकृतिक संसाधनों का अंतर नहीं है, वह देश की सीमाओं का अंतर नहीं है, वह देश के लोगों का भी अंतर नहीं है। वह अंतर है साइंस और टेक्नोलॉजी का। आज अगर छोटे देश भी साइंस और टेक्नोलॉजी में आगे हैं, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में आगे हैं तो वे विकसित देश हैं और बड़े से बड़े देश भी प्रचुर संसाधनों के होते हुए भी अगर उनके पास टेक्नोलॉजी नहीं है तो वे विकासशील देश हैं। हमारे कल्पनाशील प्रधान मंत्री ने देश को विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है। निश्चित रूप से यह उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टेक्नोलॉजी और प्रौद्योगिकी हमारे जीवन में सुधार ला सकेगी, हमारी जनता को, हमारी बड़ी आबादी को रोटी, कपड़ा और मकान दे सकेगी।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि मेक इन इण्डिया जिस गति से विकास कर रहा है। उसी गति और उसी गुणवत्ता के लिए हमें तकनीशियन चाहिए, जो इस तरह के संस्थान हमें दे सकेंगे। देश में पहला मौका है जब एक साथ 15 संस्थान खड़े किए गए हैं। अभी कांग्रेस के हमारे कुछ मित्र कह रहे थे कि राजीव गांधी जी ने बड़ा काम किया। मैं यह दोहराना चाहूंगा कि सन् 1961 में मुम्बई में पांचवा आई.आई.टी. खुला था और उसके बाद सीधे सन् 1994 में में खुला। इसका मतलब यह है कि 31 साल तक एक भी आई.आई.टी. इस देश में नहीं खुला। इसमें राजीव गांधी जी की भी सरकार थी। कांग्रेस जितनी योजनाएं लायी, वे चाहे मनरेगा हो, या फूड सिक्योरिटी बिल हो। आज भी वे किसानों के लिए यह कर रहे हैं। लेकिन देश में परिवर्तनकारी किसी भी कदम के साथ कांग्रेस नहीं खड़ी हुई है। देश को यथास्थिति में रखने का काम, सारा दर्शन का कांग्रेस का इसी आधार पर है। 31 साल तक एक भी आई.आई.टी. नहीं खुली हमने केवल 3 सालों में 20

आई.आई.आई.टी. इस देश को दिए और इन्होंने 60 सालों में केवल 16 आई.आई.टी. दिए। यह बड़ा अंतर भारतीय जनता पार्टी, हमारी सरकार और इनकी सरकार का अंतर है, यह दर्शन का अंतर है। आज भारत विश्व में महाशक्ति बना है, क्योंकि टेक्नोलॉजी पर हमने ध्यान दिया है। आज उपग्रह के क्षेत्र में हम सबसे ज्यादा भारी उपग्रह ले जा सकते हैं। पहले उपग्रह का वजन 3200 से ज्यादा किलोग्राम का वजन होता था। हमें दूसरे प्रक्षेपण लेने पड़ते थे। आज हमने इण्डीजीनस टेक्नोलॉजी से 10 हजार किलोग्राम तक पहुंचाने का काम किया। मैं यह बताना चाहूंगा कि हमारा देश केवल इस दिशा में आगे बढ़ सकेगा। आज विश्व प्रक्षेपण का मार्केट 14 लाख करोड़ रुपये का है। उसमें से 41 प्रतिशत की भागीदारी केवल अमेरिका की है। हमारा इतना संसाधन विकसित होने के बाद भी उसमें केवल 4 प्रतिशत भागीदारी है। अगर हम इस क्षेत्र में विकास करेंगे तो निश्चित रूप से हमारे देश की गरीबी को दूर करने का एक माध्यम बनेगा।

मैं जानता हूं कि कांग्रेस किसानों पर चर्चा करने के लिए बहुत उत्सुक है। जब महाराष्ट्र में किसान आत्महत्या कर रहे थे, तब कांग्रेस कुछ नहीं कर रही थी। जब कांग्रेस शासित राज्यों में किसान आत्महत्या कर रहे थे, तब कांग्रेस चुप थी।...(व्यवधान) मैं केवल तीन-चार बिंदुओं में अपनी बात करूंगा। मेरे बहुत महत्वपूर्ण सुझाव हैं। मैं यह कहना चाहूंगा कि आज जो हमारे इंस्टीट्यूट्स हैं, वे रिसर्च ओरिएण्टेड नहीं हैं। हमारे जो संसाधन बन रहे हैं, यदि हम इन्हें रिसर्च ओरिएण्टेड रखेंगे तो निश्चित रूप से यह हमारे देश के लिए उपयोगी होगा।

एक पक्ष यह भी है कि सन् 1951 में जब पहला आई.आई.टी. बना, उसके बाद 1953 में पहला आई.आईटियन निकला, उसके बाद से आज तक करीब 25 हजार आई.आईटियन हमारी पूर्ववर्ती सरकार और कांग्रेस की नीतियों के कारण देश छोड़कर विदेशों में चले गये। अब जो आई.आईटियन बन रहे हैं, मैं चाहता हूं कि एक ऐसी क्लाज डाली जाए कि जिससे कम से कम 10 या 15 साल इस देश की सेवा आई.आईटियन को करनी पड़े, तब वे विदेश में जा सकेंगे तथा साथ ही एक ऐसा बांड भरवाना चाहिए कि वे इस देश की सेवा कर सकें। अभी जो 24 संस्थान हैं, इन्हें देश की रक्षा के लिए और सामरिक संप्रभुता के लिए डीआरडीओ, इसरो तथा अन्य संस्थानों से जोड़ा जाना चाहिए, तभी इन संस्थानों का लाभ मिल पायेगा।

अंत में मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे उज्जैन नगर में पानी, जमीन और अन्य सभी चीजें उपलब्ध हैं, वहां सस्ता श्रम भी उपलब्ध है। अगर इस तरह के रक्षा के संस्थान हमारे उज्जैन में भी स्थापित किये जायेंगे तो बहुत अच्छा होगा। इसी के साथ मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री भगवंत मान (संगरूर): उपाध्यक्ष महोदय, आपने बहुत महत्वपूर्ण बिल पर मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आई.टी. क्षेत्र में हमारे देश का विश्व में बहुत बड़ा नाम है, बहुत बड़ी मार्केट है और दुनिया भर में बहुत बड़ी-बड़ी आई.टी. कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं कि अमेरिका में जो बोइंग कंपनी जहाज बनाती हैं, उसमें सैकड़ों इंजीनियर्स, सुपरवाइजर्स और टैक्नीशियंस सिर्फ गुरूनानक देव इंजीनियरिंग कालेज, लुधियाना के हैं। बोइंग में जी.एन.ई. के बहुत बड़े-बड़े ऑफिसर्स हैं। ऐसा ही माइक्रोसोफ्ट में है और ऐसा ही गूगल में है। मैं क्योंकि पंजाब को रिप्रजैन्ट करता हूं, यहां मंत्री जी बैठे हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगा कि पंजाब में इंजीनियरिंग कालेज बहुत हैं, लेकिन प्लेसमैन्ट के लिए पंजाब के स्टूडेंट्स को पुणे, बंगलुरू, हैदराबाद या गुरुग्राम जाना पड़ता है। पंजाब में भी आई.टी. हब बन सकता है। अगर मोहाली में बने तो चार-पांच स्टेट्स इसमें कवर हो सकती हैं। मंत्री जी इसका एरिया यदि पंजाब में कहीं भी चुने तो हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हरियाणा हमारी नेबरिंग स्टेट्स हैं। मैं यह चाहूंगा कि पंजाब में जो इंजीनियरिंग कालेजिज के स्टूडेंट्स हैं, जैसा मेरे से पहले हमारे कुलीग्स ने बोला है कि हजारों की संख्या में इंजीनियर्स ब्रेन ड्रेन होकर विदेशों में जाते हैं। अब विदेशों में भी दिक्कतें आ रही हैं। जैसे अमेरिका ने एच-1 वीजा में कड़े प्रावधान लगा दिये हैं, उससे भारतीय इंजीनियर्स प्रभावित होंगे।

इसलिए मैं आपसे मांग करता हूं कि पंजाब को एक आई.टी. हब दी जाए, क्योंकि पंजाब वह स्टेट है, जिसने देश की आजादी में 90 प्रतिशत से ज्यादा कुर्बानियां दी, जिसने हरित क्रांति के जरिये अनाज के मामले में पूरे देश को आत्मनिर्भर बनाया। आज अगर पंजाब के स्टूडेंट्स की प्लेसमैन्ट यहीं पर होती है तो उन्हें विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पिछली सरकार ने अमृतसर में एक इंफोर्मेशन एंड टैक्नोलोजी पार्क दिया था, लेकिन वह अनाउंसमैन्ट से आगे नहीं बढ़ पाया। सिर्फ नींव का पत्थर रखने से या चर्चा करने से काम नहीं होगा, इसको अमली रूप दिया जाए। मैं कहना चाहूंगा कि हम हर बात पर आलोचना नहीं करते, We are not critic just by habit, we also praise if you deserve it. सरकार ने जो अच्छे कदम उठाये हैं, उनकी हम सराहना भी करते हैं। भारत के जो अच्छे-अच्छे दिमाग हैं, उनका ब्रेन ड्रेन न हो, वे बाहर न जा पायें, वे देश की सेवा में लगें। यही मैं आपके माध्यम से मंत्री जी और सरकार तक पहुंचाना चाहता हूं।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि आपने पचास से सौ एकड़ जमीन का जो प्रावधान रखा है, जब नवोदय विद्यालय और सैंट्रल स्कूल के लिए सरकार कोई जमीन नहीं दे पाती है, क्योंकि इतनी सारी जमीन आसानी से उपलब्ध नहीं होती है तो जो कहावत है - 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।' जमीन अब इस देश में नहीं है, इसलिए आप इस जमीन की रिक्वायरमैन्ट को कम करिये। इतनी जमीन कहां से देंगे, बंजर भूमि की स्थिति में झगड़ा है और आप देख रहे हैं कि जल, जंगल और जमीन के मामले में देश की क्या स्थिति है। पहली बात यह है कि यह जमीन बहुत ज्यादा है, आप इसे कम करिये।

दूसरी बात आपने इसमें लिंग, जाति, धर्म, विक्लांग, निवास आदि नई चीजों का जो समायोजन किया है, निश्चित रूप से यह बहुत बेहतरीन है। हम बिल के समर्थन में हैं लेकिन आपने इसमें जो प्राइवेट सैक्टर को लिया है, जब आप इसमें प्राइवेट सैक्टर का पैसा लगायेंगे, खुद करोड़ों-करोड़ रुपये लगायेंगे। आपने विक्लांग को दे दिया, अन्य लोगों को दे दिया तो गरीब आदमी उस स्कूल में कैसे जायेगा। जब फीस एक लाख पच्चीस हज़ार रूपये होगी गरीब के बच्चे कैसे पढ़ेंगे? भाÂषण तो हम दे नहीं सकते हैं, लेकिन आपने जो किया वह सही नहीं है। मध्यवर्गीय बच्चों को, मेधावी बच्चों को फीस में छूट होनी चाहिए। सबसे ज्यादा मेधावी बच्चे कौन होते हैं? ये पूंजीपति और बड़े-बड़े लोगों के बेटे बहुत मेधावी नहीं होते हैं। इस हिंदुस्तान में मेधावी जो है, वह रिक्शा चलाने वाला है, टमटम चलाने वाला है, जो मज़दूर है, जो काम करता है, अभाव में जीता है, जो वंचित है, उमसें जो टैलेंट है, वह दुनिया में किसी के पास नहीं है। जब तक आप उस टैलेंट के व्यक्ति को ध्यान में नहीं रखेंगे, तब तक आपने आईआईआईटी के बारे में जो बिल लाया है, वह सही नहीं होगा।

बड़ी विनम्रता के साथ मेरा आपसे आग्रह है कि यह जो उत्पादन के आधार पर, जिस क्षेत्र में जहां जिस रूप से उत्पादन होता है, आप जब तक उस उत्पादन के आधार पर वहां आईआईटी की व्यवस्था नहीं करेंगे तो कुछ नहीं होगा। लोहा कहीं होता है और कहीं और बगैर लोहा के आईआईटी वहां कर देंगे। इससे आपकी पूंजी भी ज्यादा लगेगी और बच्चों को नौकरियां भी नहीं मिलेंगी। हमारे बिहार से 42 लाख मज़दूर हमेशा बाहर काम के लिए जाते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा यदि कहीं किसी का सम्मान आईआईटी से ले कर किसी टैक्नोलॉजी में है, तो बिहार का है। आप याद कीजिए मैथ्स से ले कर, शून्य से ले कर, आर्यभट्ट से ले कर आज तक बिहार की जो स्थिति है, वह सबसे ऊपर है। लेकिन एक भी आईआईटी बिहार में नहीं है। हमारा जो कोसी का इलाका है, मिथिला, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, कटिहार, जो मिथिला इलाका है, वहां क्या क्वालिटी नहीं है। बांस की क्वालिटी है, मकान की है, माच की है, केला की है, लीची की है और हमारे यहां का मज़दूर पूरी दुनिया को बनाता है। अभी ये पंजाब-पंजाब कह रहे थे, पंजाब को बनाने में बिहार का सबसे बड़ा योगदान है। भारत बनाने में बिहार का योगदान है। मेरा आपसे एक आग्रह है कि इसमें आप कोऑपरेटिव सिस्टम क्यों नहीं लाते हैं। आप पीपीपी सिस्टम तो ला रहे हैं, कोऑपरेटिव सिस्टम को फर्टिलाइज़ क्यों नहीं करते हैं? अगर आप कोऑपरेटिव सिस्टम को लाएंगे तो मिडिल क्लास और किसान वर्ग भी इसमें शामिल होगा तो निश्चित रूप से वह अपने बच्चों के लिए पेन लेगा। मेरा आग्रह है कि बिहार में कम से कम पांच आईआईटी की व्यवस्था होनी चाहिए। बिहार देश का निर्माण करता है। विश्व में जाता है, सिलिकन वैली में जाता है, इसीलिए मैं आपसे सहरसा-मधेपुरा में और एक मध्य बिहार में राजगीर के इलाके में और तीसरा अन्य जगहों पर एक आईआईटी की मांग करता हूँ। मैं चाहता हूँ कि इसमें आप जमीन को कम कीजिए।

अंतिम बात मैं यह कह रहा हूँ कि जब तक बच्चों को नौकरी नहीं मिलेगी, नौकरी तो आपने दी नहीं हैं, नौकरी की स्थिति दो लाख से ऊपर नहीं हुई है, तो बच्चों को नौकरी कैसे मिलेगी। जब आप पूंजीपति को ला रहे हैं तो उसको कम्पलसरी कीजिए कि उसके स्कूल में जो बच्चे पढ़ेंगे, उसको नौकरी की गारंटी होगी और बिलो पॉवर्टी लाइन के जो बच्चे हैं, उनकी फीस कम कीजिए और 25 प्रतिशत गरीब के बच्चों को इसमें फ्री कीजिए। यह आपसे मेरा आग्रह है।

*SHRI SHER SINGH GHUBAYA (FEROZEPUR): I thank you, Hon'ble Deputy Speaker Sir, for giving me the opportunity to speak on an important bill.

Sir, I thank the Hon'ble Minister for piloting this bill in this august House. It will give a boost to higher education throughout India. As Shri Bhagwant Maan ji said during his speech, students who study in these institutes of higher learning in Punjab, often go abroad. It leads to brain-drain.

Sir, in Punjab, there is acute shortage of high quality information technology hubs. We need such hubs in Punjab. Also, Sir, there are certain shortcomings in the I.I.T. that is there in Punjab. These shortcomings must be removed by the Central Government.

Sir, as mentioned by me earlier, students who study in these institutes of higher learning, often join the jobs in foreign multi-national companies abroad. It leads to acute brain-drain. I urge upon the government to evolve such a system where it is made compulsory for students to work in one's own country and State for the first 5 to 10 years. The states and our country will gain out of it. On the other hand, there are students who fail to get a decent job despite studying in such institutes of higher learning. There is no evolved system in our country to deal with such kind of unemployment.

Sir, let me also point out that students belonging to the Scheduled Castes & Scheduled Tribes are generally not in a condition to shell out one to one and a half lakh rupees as fees. So, such students fail to avail the education provided by such institutes of higher learning. Scholarships and fee-exemptions should be granted to the SC&ST students too, so that they can study in I.I.Ts etc.

Hon'ble Deputy Speaker Sir, poor students from humble background are also very intelligent. The only thing they lack is sound finance to fund their educational needs. So, the government must bail out the students of these sections of society.

Sir, the scholarship system needs to be revamped in the Engineering Colleges. Scholarship system must be streamlined in all states, specially Punjab. Only then can the students reap the benefits offered by these Engineering Colleges.

Thank you.

SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY (CHEVELLA): Sir, I thank you for the opportunity.

Firstly, I would like to congratulate the Minister for bringing this Bill. I have been an IT professional. I was the Managing Director and CEO of several multi-national companies including Wipro and General Electric. I can feel the pressure from Shri Scindia and his anxiety for time. So, I will make it very short and I would like to limit myself to just a single point.

In the Statement of Objects and Reasons, one of the objectives was providing manpower of global standards. Yet, if you look at our IT professionals, while they are highly paid, still they are relatively less paid compared to their western counterparts. Moreover, if there is any stress in the industry resulting in layoffs, then the first victims are the Indian IT professionals. There is a reason for this. It is because mechanical engineers work in the field of mechanical engineering; electrical engineers work in the field of electrical engineering; civil engineers work in the field of construction; but IT engineers and IT professionals work in different fields. They work in the field of manufacturing, banking, movies, sports, hospitals, etc. Therefore, there is a need for not just exposure to programming, but a need for social science, liberal arts, performing arts, and all these other arts.

Many Members have said that we should introduce robotics, artificial intelligence and other new technologies, but more important than that is to introduce social sciences in the IIITs. So, my suggestion is that while we support, I would strongly suggest that the Minister adds this too. Thank you, Sir.

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री प्रकाश जावड़ेकर): मैं सम्पूर्ण सदन को धन्यवाद देना चाहता हूँ, इस चर्चा में 25 सदस्यों ने भाग लिया, लेकिन हर एक माननीय सदस्य ने इस बिल का सपोर्ट किया है। हमारे मित्र प्रेमचन्द्रन जी ने विरोध किया, वह भी उनका एक विÂषय सैद्धान्तिक मुद्दे पर था और जो पी.के.बिजू जी का कहना है, उस पर मैं कहूँगा। श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा जी, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, श्रीमती प्रतिमा मण्डल, डॉ. कुलमणि सामल, श्री अरविंद सावंत, श्री बी.विनोद कुमार, श्री पी.के.बिजू, डॉ. रविन्द्र बाबू, श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन, श्रीमती वुला रेणुका, श्री सुरेश सी. अंगड़ी, श्री जय प्रकाश नारायण यादव, श्री धनंजय महाडीक, श्री दुÂष्यंत चौटाला, श्री शेर सिंह गुबाया, मालवीय जी, श्री राजेश रंजन, श्री भगवंत मान, श्री कौशलेन्द्र कुमार, श्री प्रेम दास राई, श्री जोस के. मणि, शेखावत जी, श्री अधीर रंजन चौधरी आदि सभी ने इसका सपोर्ट किया है, मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। इससे मूल यह होगा कि ट्रिपल आई.टी. एक अपनी अच्छी संस्थायें बन गयी हैं। पहले केवल चार ही ट्रिपल आई.टी. थीं, जो सरकार ने शुरू की थीं, जबलपुर, ग्वालियर, इलाहाबाद और कांचीपुरम और पाँचवीं अभी गवर्नमेंट फंडिड कुर्नूल में हो रही है, आध्र प्रदेश का विभाजन होने के कारण। ये पाँच ही हुई। अब विस्तार कब होगा, तो पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप का विचार विस्तार के लिए भी करना चाहिए। जो सबको आशंका है कि इसमें फीस बहुत बढ़ेगी, ऐसा नहीं होगा, क्योंकि रिकरिंग खर्चे की ताकत केवल फीस से नहीं आती, वह रिसर्च ग्रांट से भी आती है, वह प्रोजेक्ट से भी आती है और जो वे खुद बाकी काम तैयार करते हैं और नया रिसर्च करते हैं,

उससे भी उनको पैसा मिलता है।

मैं मुख्य मुद्दों पर बात करूँगा। मैं याद कर रहा हूँ कि 1973 में मैं बैंक में नौकरी करता था, तब कंप्यूटर पहली बार आए। कंप्यूटर बैंक में आए तो पहले हम लेज़र पर काम करते थे। वह खत्म हुआ तो वहाँ यूनियन्स का आंदोलन हुआ कि एक कंप्यूटर 23 लोगों को बेरोज़गार करेगा। मैंने उस समय भी विरोध किया कि ऐसा नहीं होता। जो भी कंप्यूटर आता है, यह नई टैक्नोलॉजी है, इससे रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। लेकिन हमें यह समझना चाहिए और जो कुछ लोगों ने श्रेय की बात की कि राजीव गांधी ने भी किया, इन्होंने भी किया। तो पहले प्रधान मंत्री हैं नरेन्द्र मोदी, जो हमेशा, हर बार, सदन में और बाहर भी कहते हैं कि इस देश में आज तक जो तरक्की हुई, उसमें सभी सरकारों और सभी प्रधान मंत्रियों का कंट्रीब्यूशन है। हमें इसको और आगे ले जाना है, इसके लिए हम काम कर रहे हैं, यह वृत्ति हम रखते हैं। सैम पित्रोदा ने टेलीकाम रेवाल्यूशन में एक भूमिका निभाई, यह सही है। अब नंदन नीलेकनी जी ने आधार का एक इनफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया और शुरू किया। आपने आधार में हाथ छोड़ दिया। अभी हम आगे ले जा रहे हैं तो आप विरोध कर रहे हैं।

जब अटल जी प्रधान मंत्री थे, तो आईटी फॉर मासेज़ नाम का भारत सरकार का वर्किंग ग्रुप था, मैं उसका अध्यक्ष था। हमने ई-गवर्नेंस के बहुत से इनीशियेटिव्स बहुत बड़े पैमाने पर शुरू हो गए, आज कहाँ तक पहुँच गए। We are a soft power. जैसे मैंने शुरू में कहा, हमें इसका अभिमान है, लेकिन हमारी कमियाँ भी हैं। हमें समझना चाहिए। हम सॉफ्टवेयर में आगे आ गए, लेकिन हार्डवेयर में नहीं गए। हम सॉफ्टवेयर में एक ब्रांच में एक तरफ से अलग गए और बीपीओ का काम कर रहे हैं, लेकिन न हमने गूगल तैयार किया, न फेसबुक तैयार किया, न ट्विटर तैयार किया, न विंडोज़ तैयार किया। हमारी प्रतिभा विदेशों में यह सब उपकरण तैयार करने में लगी है। वह दूसरे लोग कर रहे हैं जिसमें हमारी टीम है। लेकिन वह हमारी मिल्कियत नहीं है। इसलिए we must attract back the best of the best talents. हमारा टेलेंट कितना है, इसके लिए बिल गेट्स ने भी कहा जब लोगों ने उनको पूछा कि आप इतने इंडियन इंजीनियर्स क्यों अपनी कंपनी में भर्ती कर रहे हो? Why are you recruiting so many Indian engineers in your company? He replied, "If I don't do that, they will create a parallel Microsoft in Bengaluru." यह उन्होंने कहा। इसलिए भारतीय प्रतिभा है, लेकिन मिल्कियत हमारे पास नहीं है, वह लानी है।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी जो मेक इन इंडिया कह रहे हैं, वह मेक इन इंडिया इसीलिए है। What is Make in India? It is, come, invest, innovate, and Make in India, and sell with pride as Made in India. That is what the Make in India vision is. इसको लेकर हमें आगे जाना है। अब तो दुनिया इतनी ज़बर्दस्त गति से बदल रही है कि 1000 साल में जो नहीं हुआ, वह पिछली एक सदी में हुआ है। जो पिछली एक सदी में नहीं हुआ, वह आने वाले दस सालों में होने वाला है। दुनिया बहुत गति से बदल रही है। उसके लिए आधुनिक शिक्षा चाहिए, उसके नेशनल इंपेर्टिंस के संस्थान करने चाहिए, इसलिए यह बिल है। इसमें सबकी भागीदारी चाहिए, प्राइवेट पार्टनरशिप का महत्व कम न करें। नैनो टैक्नोलॉजी आ रही है, इंटरनैट ऑफ एथ्रीथिंग आ रहा है, आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस आ रहा है, थ्री डी प्रिंटिंग आ रहा है, रोबोटिक्स आ रहा है। स्टूडेंट्स को यह सब सीखने का मौका होना चाहिए। मैं पिछले सप्ताह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज़ में गया था। वहाँ नैनो टैक्नोलॉजी का जो प्रयोग हो रहा है, एक प्रयोगशाला में 250 करोड़ रुपये लगे हैं। और भी एक केन्द्र का निर्माण करना है जिसमें 3000 करोड़ रुपये लगेंगे, लेकिन इनवैस्टमैंट ऐसा करना चाहिए क्योंकि We have lost. इंडस्ट्रियल रिवाल्यूशन जब आया तब हम चूक गए क्योंकि तब हम स्वाधीन नहीं थे। जब हार्डवेयर रिवाल्यूशन आया तो वह भी हमसे चूक गया। अब एक भी आने वाली रिवाल्यूशन हमसे चूकनी नहीं चाहिए। अगर यह हमें करना है तो With that vision, we must work, and we must do justice to our students and talent. टेलेंट है जैसे पप्पू जी ने कहा कि सब वर्गों में टेलेंट है। टेलेंट किसी वर्ग की मिराजदारी नहीं है, किसी जाति या मज़हब की नहीं है। यह सब है, इसीलिए हमने इस बार प्रयोग किया। प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से इस बार स्मार्ट इंडिया हैकाथान का आयोजन किया। 2000 से ज्यादा इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों ने भाग लिया। Around 42,000 students participated in Hackathon and came out with solution. They worked hard on problems. We offered them 600 problems. About 42,000 students worked on it for three months. Ultimately, they came out with 200 solutions. That is a real study. यह सही शिक्षा है।

हुड्डा जी ने यू.एस. और ऑस्ट्रेलिया की आशंका उठाई, वह एक तरह से सही लगती है, क्योंकि कुछ रिस्ट्रिक्शन, प्रोटेक्शनिस्ट आइडियोलॉजी हो रही है। लेकिन, टैलेंट को कोई रोक नहीं सकता। वे पीछे पड़े हैं कि आप यहां रहो। हमारा प्रयास यह रहना चाहिए कि वे यहां अच्छी सुविधाएं प्राप्त करें और यहां वापस आएं। लोग आ भी रहे हैं और यहां अच्छा भी होगा।

एक टिप्पणी हुई कि आई.टी. क्षेत्र में बेरोज़गारी बढ़ रही है। यह सच नहीं है। टी.सी.एस. के मुखिया चन्द्रशेखर जी और नैस्कॉम, दोनों ने अंदाज़ लगाया है कि आने वाले पांच सालों में 70 लाख नए रोज़गार केवल आई.टी. क्षेत्र में सृजन होंगे। यह होने वाला है। भारत बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है।

प्राइवेट एजुकेशन है, इंवेस्टमेंट है। इसलिए इसके विस्तार में इनकी जरूरत है। यही तो अलाइनमेंट-विद-स्टडी है। Unless we ensure industry-academia interaction, we would not reach the destination where we want to reach.

दो-तीन जो आशंकाएं आई हैं, उसका मैं थोड़ा जवाब देना चाहता हूं, क्योंकि आई.आई.आई.टी., अमेठी के बारे में आपत्ति जताई गयी। ऐसा है कि यह आपत्ति न उठाते तो अच्छा होता, क्योंकि यह छिपी रहती। लेकिन, अब आपत्ति उठायी गयी है तो मुझे सच बोलना पड़ेगा। वर्ष 2005 में आई.आई.आई.टी., इलाहाबाद का ऑफ कैम्पस आई.आई.आई.टी., अमेठी में बनाया गया था। लेकिन, वर्ष 2014 तक, नौ सालों तक वहां फैकल्टी नियुक्त ही नहीं की गयी थी, केवल एक फैकल्टी को नियुक्त किया गया था। रोज़ इलाहाबाद से वह फैकल्टी अमेठी जाकर रोज़ चार लेक्चर देकर अपना विषय पूरा करता था। फिर दूसरे दिन दूसरा फैकल्टी जाता था। यह ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट है। इसलिए पूरे देश भर से छात्र आए। उनका पहला प्रेफेरेंस इलाहाबाद था। उन्हें इलाहाबाद में एडमिशन नहीं मिला, इसलिए उन्हें लगा कि अमेठी तो बहुत ही शानदार होगा, सबसे ज्यादा सुविधाएं होंगी। छात्रों का ऐसा सोचना सही था, लेकिन वहां ऐसी सुविधा नहीं थी। वहां सब-स्टैंडर्ड एजुकेशन मिलने लगा। तब जाकर सभी छात्रों ने आंदोलन किया कि हमें यहां से बदलो, हमारी मुख्य संस्था इलाहाबाद है, हमें वहां ले जाओ। हमने कोई प्रतिशोध की भावना से काम नहीं किया। छात्रों की मांग का समर्थन करते हुए उन्हें केवल वहां दे दिया। उसमें दस सालों में अमेठी जिले का केवल एक छात्र आया, क्योंकि इसमें छात्र ऑल इंडिया कम्पीटीशन से आते हैं। सुलतानपुर के केवल तीन छात्र आए। फिर हमने क्या किया, वहां उसी केन्द्र में अम्बेडकर विश्वविद्यालय का केन्द्र निकाला और वह कॉलेज अब अच्छा चलने लगा है और अमेठी और सुलतानपुर जिले के हजारों छात्रों को फायदा हो रहा है। यह हमारी टÂिष्ट है। आपने नहीं किया तो हम रुके नहीं। हमने उसे बंद नहीं किया, बल्कि वहां कॉलेज शुरू किया, जो वहां के लोगों की जरूरत थी।

एक विÂषय स्टेट शेयर का आया। अब स्टेट्स को भी बहुत पैसे मिले हैं। कितना मिला है, यह वित्त मंत्री बताएंगे। लेकिन, एक ही बार में उनका हिस्सा 32औ से बढ़कर 42औ हो गया। हर बार वित्त आयोग केवल दो प्रतिशत बढ़ाता था। अब 32औ से बढ़कर 42औ हो गया और 7.5औ सिक्कि बॉडीज जैसे म्युनिसिपैलिटीज, नगर परिÂषद, नगर पंचायत, उनके लिए भी पैसे मिले। केन्द्रीय योजनाओं का भी पैसा मिल रहा है। सबको जोड़ेंगे तो करीब 75औ पैसा राज्यों को जाता है। यह सही है। इसे मैं कोई बुराई नहीं मानता हूं, यह अच्छी चीज़ है। राज्यों को फिर एजुकेशन को पैसे भी देना चाहिए। राज्यों के बजट में एजुकेशन के लिए पैसे कम नहीं होने चाहिए।

हमारे पोखरियाल जी ने कहा कि हिमालय का इतना अच्छा परिसर है, तो काशीपुर में आई.आई.एम. है, मंडी में आई.आई.टी. है। इसका और विस्तार होता रहेगा और यह सब जगह होगा।

श्रीमती प्रतिमा मण्डल जी ने पूछा है कि क्या वहां पर परमानेंट बिल्डिंग होगी? मैं कहना चाहता हूं कि उसकी कंपाउंड वॉल का काम पूरा हो रहा है और बाकी बिल्डिंग भी जल्द पूरी होगी। अगर पी.पी.पी. इंटर्नल रिसोर्सेज़ से बढ़ेगी, तो क्या फीस बढ़ेगी? देखिए फीस पे करने वालों की बढ़ेगी यानी जो पेइंग कैपेसिटी है, उसके लिए थोड़े ही बढ़ती है। गरीब विद्यार्थी के लिए स्कॉलरशिप योजना है। All these IIITs are already on the scholarship portal of the Ministry of IT. मिनिस्ट्री ऑफ आई.टी. का स्कॉलरशिप का एक पोर्टल है, उस पर सभी चीजें हैं। गरीब विद्यार्थी तथा अच्छे छात्रों को वहां पर सुविधा मिलती है। एक इम्प्लॉएब्लिटी का विषय निकला है। मैं कहना चाहता हूं कि इम्प्लॉएब्लिटी 25 पर्सेंट है, इसलिए हम उसका वैल्यू एडिशन कर रहे है जिससे कि छात्रों को सही शिक्षा मिले, अच्छी शिक्षा मिले, ताकि वे आगे बढ़े। इम्प्लॉएब्लिटी तभी बढ़ती है, जब सार्थक शिक्षा का प्रचार होता है, प्रसार होता है और अच्छी संस्थाएं बढ़ेगी, नहीं तो ऐसे–ऐसे इंजीनियरिंग कॉलेज निकले, आपके समय या किसी दूसरे के समय, मैं ऐसा नहीं कहूंगा, लेकिन सच्चाई है कि ए.आई.सी.टी.ई. ने उस समय ऐसे–ऐसे परमिशन दे दिया कि जो रद्दी कॉलेजेज़ थे, जिसे स्टूडेंट्स ने ही रिजेक्ट किए थे। अब प्रत्येक साल डेढ़ सौ कॉलेज स्टूडेंट्स बंद कर रहे हैं, सरकार नहीं बंद कर रही है। हम तो केवल क्लोजर की अनुमति दे रहे हैं। स्टूडेंट्स वहां पर जाकर देखते हैं कि वहां पर प्लेसमेंट कितना है और पिअर–रिव्यू लेते हैं, फिर एडमिशन लेते हैं। छात्रों को भी अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, इसलिए ट्रिपल आई.टी. एक अच्छी व्यवस्था है। अब इसका विस्तार होगा।

जहां तक वैकेंसी की बात है। मैं कहना चाहता हूं कि वैकेंसी सभी इंस्टीट्यूट्स में जल्दी से भरें, इसका हम बहुत ही जोर से प्रयास कर रहे हैं और इसमें सफलता भी मिल रही है।

एक दूसरी चीज है कि उच्च शिक्षा के संस्थानों को स्वायत्तता मिलनी चाहिए, होनी चाहिए। हमारे श्री पी.के. बिजू जी ने कहा कि शिडयूल्ड कास्ट तथा शिडयूल्ड ट्राइब्स के फैकल्टी की वैकेंसी नहीं भरी गई है। आपका ऐसा कहना बहुत मात्रा में सही है। अब जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी की स्थिति को देखें, तो वहां दस साल से शिडयूल्ड कास्ट, शिडयूल्ड ट्राइब्स और दिव्यांग लोगों की भर्ती

नहीं हुई है। अब हम तीन सौ प्राध्यापकों की भर्ती कर रहे हैं और यह काम दिसम्बर महीने तक पूरी होगी। हम लोग इस काम को सभी संस्थानों में करेंगे।

जैसा श्री पी.डी. राई जी ने कहा कि नॉर्थ–ईस्ट में कुछ नहीं है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि ऐसा कुछ नहीं है। मणिपुर में ट्रिपल आई.टी. फंक्शनल है और गुवहाटी में भी फंक्शनल है। आपने कहा कि इसे सिक्किम में भी किया जाए; "दिल मांगे मोर' यह ठीक है और आपकी कल्पना अच्छी है। रिजर्वेशन के सारे नियम लागू होते हैं। इंडियन लॉ सभी जगह लगता है। बहुत सारे मुद्दे थे, सबका उत्तर देने की जरूरत नहीं है, लेकिन वे अच्छे मुद्दे थे। मैं सभी लोगों के सुझावों का स्वागत है। मैं ऐसा मानता हूं कि शिक्षा पार्टीगत या दलगत राजनीति का विÂषय नहीं है। हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। यह राष्ट्र नीति का विÂषय है, देश बनाने का विÂषय है। इसमें सभी को मिलकर काम करना चाहिए। इसको सभी लोगों ने सपोर्ट किया, इसलिए मैं बहुत–बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That the Bill to declare certain Indian Institutes of Information Technology established under public-private partnership as institutions of national importance, with a view to develop new knowledge in information technology and to provide manpower of global standards for the information technology industry and to provide for certain other matters connected with such institutions or incidental thereto, be taken into consideration."

The motion was adopted.

HON. DEPUTY SPEAKER: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 48 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 to 48 were added to the Bill.

The Schedule was added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: I beg to move:

"That the Bill be passed."

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.